आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–05 *फरवरी* 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- आज प्रयागराज महाकुंभ पहुंच कर पवित्र संगम में डुबकी लगाएंगे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अब तक अड़तीस करोड़ से अधिक श्रद्धालु कर चुके हैं महाकुंभ स्नान।
- भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पवित्र त्रिवेणी में लगाई डुबकी, सात फरवरी से प्रस्थान कर जाएंगे अखाड़े, महाशिवरात्रि के दिन वाराणसी में करेंगे पवित्र स्नान।
- अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा सीट उपचुनाव के लिए मतदान शुरू, शाम पांच बजे तक डाले जाएंगे वोट।
- अर्थव्यवस्था की मजबूती के लिए प्रदेश में कराई जाएगी आठवीं आर्थिक गणना।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज प्रयागराज में महाकुंभ का दौरा करेंगे। वह संगम में पवित्र स्नान करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट।

***अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी गंगा , यमुना और सरस्वती नदी के संगम, त्रिवेणी घाट जाएंगे और पूजा–अर्चना करेंगे। इसके अलावा वे साधु–संतों से भी मुलाकात कर सकते हैं। महाकुंभ मेले की शुरूआत 13 जनवरी को हुई थी। और यह 26 फरवरी तक चलेगा। 38 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अब तक त्रिवेणी संगम में स्नान कर चुके हैं। दीपेंद्र कुमार , आकाशवाणी समाचार प्रयागराज।***

इससे पहले, तेरह दिसंबर को प्रयागराज की अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने आम जनता के लिए कनेक्टिविटी, सुविधाओं और सेवाओं में सुधार करते हुए पांच हजार पांच सौ करोड़ रुपये की एक सौ सड़सठ विकास परियोजनाओं का उद्‌घाटन किया था।

**********

प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के पवित्र स्नान का सिलसिला जारी है। कल रात आठ बजे तक चौहत्तर लाख सत्तर हजार लोगों ने महाकुंभ स्नान कर लिया था। भूटान के राजा जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने भी कल प्रयागराज पहुंचकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ पवित्र त्रिवेणी में डुबकी लगाई। एक रिपोर्ट–

***भूटान नरेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ विधिवत पूजा–अर्चना की और त्रिवेणी में डुबकी लगाई। इस दौरान कैबिनेट मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, नंद गोपाल गुप्ता नंदी भी मौजूद रहे। संगम में स्नान के बाद भूटान नरेश अक्षय वट गए और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन भी किए। इसके बाद उन्होंने डिजिटल महाकुंभ अनुभूति केंद्र का दौरा किया। भूटान नरेश का यह दौरा भारत–भूटान मित्रता और सांस्कृतिक संबंधों को और मज़बूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। प्रवीण मिश्र, आकाशवाणी समाचार, महाकुंभनगर, प्रयागराज।***

भूटान नरेश और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल प्रयागराज महाकुंभ की आरती में भी शामिल हुए।

**********

संगम में तीन अमृत स्नान पूरे करने के बाद अब प्रमुख अखाड़ों के सन्यासी वाराणसी में महाशिवरात्रि के दिन पावन स्नान करेंगे। इसके पहले वहां पेश्वाई की रस्म अदा की जायेगी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रविंद्र पुरी ने कल बताया कि सात फरवरी को अखाड़े काशी के लिये रवाना हो जाएंगे। उन्होंने बताया कि परम्परा के अनुसार अखाड़े कुम्भ का समापन काशी में रंग पंचमी के दिन होली खेलने के बाद करते हैं।

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सरकार महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के दिन हुई दुर्घटना की गहराई से जांच कराएगी और षड्यंत्रकारियों को बेनकाब कर उन्हें सजा दिलाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि घटना के बाद प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई कर लोगों की मदद की।

***जितने क्विक रिसपॉन्स से मेला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस इन सब ने मिलकरके घायलों को हॉस्पीटल पहुंचाने का काम किया। वो अपने आप में एक मिसाल है। हमारी पहली प्राथमिकता थी कि किसी भी स्थिति में इसको हम जीरो हादसे तक लेकर जाए लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से घटना घटित हुई। उन सभी परिवारों के प्रति हम लोगों ने अपनी संवेदना भी व्यक्त की और उसके लिए कुछ आर्थिक मुआवजा भी घोषित किया।***

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा राज्यसभा में और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा लोकसभा में महाकुंभ हादसे संबंधित कल लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद और गुमराह करने वाला बताया। दोनों नेताओं ने प्रदेश सरकार पर महाकुंभ हादसे के सही आंकड़े जारी न करने का आरोप लगाया था।

**********

मौसम में हुए बदलाव और महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए श्रीराम मंदिर में दर्शन के समयावधि में बदलाव किया गया है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के **सदस्य** डॉ अनिल मिश्र ने दर्शन की नयी समयसारिणी जारी की है।

***प्रातःकाल दर्शन छह बजे प्रारंभ होगा रात्री में दस बजे शयन आरती होगी। अगर साढ़े नौ बजे प्रवेश के बाद श्रद्धालुओं को सभी को दर्शन देने के बाद ही पट्ट बंद होगा। वो साढ़े दस बज सकता है जो भी समय लगे लेकिन प्रवेश करने वाले सभी श्रद्धालुओं को दर्शन की व्यवस्था है। साढ़े नौ बजे प्रवेश होगा दस बजे आरती होगी दस बजे के बाद साढ़े दस बजे तक जबतक श्रद्धालु रहेंगे उनको दर्शन दिया जाएगा। सुग्रीव किला से साढ़े नौ बजे तक प्रवेश होगां। ऐ कार्यक्रम छह तारिख से प्रारंभ होगा।***

ट्रस्ट के सदस्य डॉ अनिल मिश्र ने बताया कि दर्शन के लिए आने वाले एनआरआई सीधे काउंटर पर अपना पासपोर्ट प्रस्तुत कर पास बनवा सकते हैं।

**********

अयोध्या के मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर उपचुनाव अब से थोड़ी देर पहले सुबह सात बजे से शुरू हो गया। चुनाव की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। सुबह से ही अलग अलग पोलिंग बूथ पर लोग कतारबद्ध होकर वोट डाल रहे हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा  ने बताया कि स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव कराने की पूरी तैयारी है।

***और जो भी वोटर पांच बजे तक मतदान की पंक्ति में खड़ा होगा उस हर वोटर को जब तक उसका वोट नहीं पड़ जाता तब तक मतदान की प्रक्रिया जारी रहेगी। और इस उपनिर्वाचन में हमारे पास लगभग पौने चार लाख के वोटर हैं। कुल चार सौ चौदह मतदेय स्थल हैं जिनको पोलिंग बूथ भी बोलते हैं। कुल दस निर्वाचन के लिए लोग इसमें उम्मीदवार हैं। जिनमें से आठ पुरुष और दो महिला हैं। हमने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव कराने के लिए पूरी तैयारी की है। भारत निर्वाचन आयोग ने भी एक सामान्य प्रेक्षक, एक पुलिस प्रेक्षक और एक व्यय प्रेक्षक तैनात किया है। लोकल लेवल पे हमने मजिस्ट्रेट पर्याप्त तैनात किये हैं।***

मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव का मतदान शाम पांच बजे तक चलेगा। मतों की गिनती आठ फरवरी को की जाएगी।

**********

राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रदेश में आठवीं आर्थिक गणना कराई जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को इस संबंध में एक विस्तृत योजना तैयार करने के निर्देश दिये हैं।

**********

फतेहपुर जिले में कल पांभीपुर इलाके में दिल्ली–हावड़ा रेल मार्ग पर दो मालगाड़ियों की टक्कर हो गई, जिससे कई डिब्बे पटरी से उतर गये। हादसे में दोनों मालगाड़ियों के चालक घायल हो गए हैं। दुर्घटना के बाद रेल इंजन को ट्रैक से हटाते समय रेलवे का पोल टूट गया जिसके कारण देर रात तक ट्रैक बहाल नहीं हो सका । हमारे प्रतिनिधि ने बताया कि अप और डाउन दोनों ट्रैको के बाधित होने से कई मालगाड़ियों का आवागमन प्रभावित हुआ।

**********

स्पेशल ओलम्पिक भारत की चेयरमैन मल्लिका नड्डा ने आगरा में आयोजित होने जा रही दो दिवसीय स्पेशल राष्ट्रीय हैंडबाल चैंपियनशिप का कल उद्घाटन किया । इस मौके पर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय भी मौजूद रहे। आज और कल आयोजित हो रही इस चैंपियनशिप में दस राज्यों के एक सौ अस्सी स्पेशल खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

**********

उत्तराखंड में चल रहे अड़तीसवें राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश की आर्टिस्टिक महिला ग्रुप टीम ने योगासन में कास्य पदक जीता है। इसके साथ ही सत्रह पदक जीत कर उत्तर प्रदेश पदक तालिका में ग्यारहवें स्थान पर पहुंच गया है।

**********

प्रदेश के कई जिलों में हल्की बारिश के कारण कल तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। बदायूं, शामली, फिरोजाबाद और फर्रूखाबाद सहित कई जिलों में हल्की बारिश देखने को मिली। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने आज भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में हल्की बारिश और कोहरे का अनुमान जताया है।

**********